# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 25.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर देशभर में मनाया जा रहा है संविधान हत्या दिवस, प्रधानमंत्री ने कहा – आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए काला अध्याय।।**
- **राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने पटना में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से की मुलाकात, रांची में सीवरेज प्रबंधन के लिए मांगे 849 करोड़ रुपये।**
- **सीसीएल ने झारखंड में ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़ाया कदम, गिरिडीह में 150 से 175 मेगावाट क्षमता वाले सोलर प्लांट की होगी स्थापना।**
- **राज्य में बारिश का सिलसिला जारी, आज रांची समेत 11 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी, कल सात जिलों के लिए औरेंज अलर्ट जारी।**
- **मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी जागरुकता अभियान का कल रांची में मैराथन दौड़ के साथ होगा समापन, राज्य के 600 से ज्यादा खिलाड़ी लेंगे हिस्सा।**

*******************

आज संविधान हत्या दिवस है। यह दिन हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है, जब 25 जून 1975 को संविधान का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। यह आपातकाल से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का दिन भी है। एक रिपोर्ट–

*******************

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याय की तरह है। उन्होंने कहा कि इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता खत्म कर दी गयी और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

*******************

झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी आपातकाल के दौरान 17 महीने तक जेल में बंद रहे थे। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने आपातकाल के अपने अनुभव साझा करते हुए इसे गैरजरुरी बताया। श्री नामधारी ने कहा कि विद्रोह के डर से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया था।

*******************

केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में पूर्वी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पटना में आयोजित क्षेत्रीय पावर सम्मेलन में झारखंड से मंत्री सुदिव्य कुमार व झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के एमडी केके वर्मा ने हिस्सा लिया। इस दौरान मंत्री श्री कुमार ने रांची सिवरेज प्रबंधन के लिए केन्द्र सरकार से 849 करोड़ रुपये की मांग की।

*******************

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। कोलकाता से जमशेदपुर पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत में श्री मुंडा ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार को जन सरोकार से कोई मतलब नहीं है।

*******************

देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सेन्ट्रल कोलफिल्ड्स लिमिटेड– सीसीएल अपनी महत्वपूर्ण निभा रहा है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी ने इस वर्ष 110 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही सीसीएल का प्रयास है कि ब्लैक कोल से आगे बढ़कर ग्रीन कोल की ओर कदम बढ़ाया जाए। श्री सिंह ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में सीसीएल ने गिरिडीह में ही 150 से 175 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने का खाका तैयार किया है।

*******************

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर रांची के लोगों में भारी का उत्साह देखा जा रहा है। सताइस जून को आयोजित होने वाली रथ यात्रा के सिलसिले में प्रशानिक तैयारियां भी जोरो पर चल रही हैं।

*******************

आज सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय संवेदी सूचकांक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स 582 अंक बढ़कर 82 हजार 637 पर पहुंच गया और निफ्टी 165 अंक बढ़कर 25 हजार 210 पर पहुंचा।

<u>*******************</u>

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

<u>*******************</u>

राज्य में बारिश का सिलसिला जारी है। कई हिस्सों में आज भी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज रांची समेत 11 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कल भी रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, खूंटी, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम में बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। इसे देखते हुए इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

<u>*******************</u>

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी जागरुकता अभियान का कल रांची में समापन होगा। समापन समारोह के दौरान मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। इसमें करीब छह सौ खिलाड़ी भाग लेंगे। दौड़ सुबह छह बजे मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से शुरु होगी जो अलबर्ट एक्का चौक पहुंच कर खत्म होगी।

**<u>*******समाप्त*************</u>**